**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.12.2025/प्रादेशिक समाचार/0920 बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- **संसद का शीतकालीन सत्र आज से–19 दिसंबर तक चलने वाले सत्र में होंगी 15 बैठकें।**
- **दो दिन के अवकाश के बाद प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र धर्मशाला के तपोवन में आज से फिर होगा शुरू–कई अहम मुद्दों पर गरमा सकता है सदन।**
- **चिट्टे के संपूर्ण खात्मे के लिए प्रदेश सरकार धर्मशाला में आज शुरू करेगी एंटी चिट्टा वॉकथॉन।**
- **प्रदेश भर में ठंड का प्रकोप जारी–मौसम विभाग ने 4 व 5 दिसंबर को जताई बारिश व बर्फबारी की संभावना।**

---

**संसद– शीतकालीन सत्र**

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। 19 दिनों तक चलने वाले सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी। इस दौरान 13 अहम विधेयकों पर चर्चा होगी। इससे पहले, सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की और इसमें 36 राजनीतिक दलों के 50 नेताओं ने भाग लिया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार दोनों सदनों के नियमानुसार सदन में किसी भी अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

---

**शीतकालीन सत्र**

प्रदेश विधानसभा का धर्मशाला के तपोवन में चल रहा शीतकालीन सत्र दो दिन के अवकाश के बाद आज फिर शुरू होगा। सदन की बैठक दोपहर दो बजे शुरू होगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ धर्मशाला से हमारे विशेष संवाददाता।

**विधानसभा के शीतकालीन सत्र की चौथी बैठक में आज सतापक्ष व विपक्ष कई मुद्दों पर आमने–सामने होंगे। प्रश्नकाल में विधायकों द्वारा पंचायतों को विकास कार्यों के लिए**

**जारी धनराशि, तबादला नीति, मणिमहेश यात्रा, रोबोटिक सर्जरी, हवाई यात्रा सुविधा व विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े पदों संबंधी प्रश्नों पर सरकार से जवाब मांगा जाएगा। इसके अलावा एक स्वीकृत विधेयक और दो नए संशोधन विधेयक भी सदन के पटल पर रखे जाएंगे, जिनमें कर्मचारियों की भर्ती व सेवा की शर्तें संशोधन विधेयक 2025 और भू संपदा विनियमन व विकास हिमाचल प्रदेश संशोधन विधेयक 2025 शामिल हैं। राज्यपाल की मंजूरी के बाद कानून बने हिमाचल प्रदेश लोक परीक्षा विधेयक 2025 को भी सदन के पटल पर रखा जाएगा। सदन की आज की कार्यवाही के हंगामेदार रहने के आसार हैं और विपक्ष के तीखे तेवर देखने को मिल सकते हैं।**

-------------------------------------------------------

**नड्डा–एड्स दिवस**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज विश्व एड्स दिवस के राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का नेतृत्व करेंगे। इसका उद्देश्य एचआईवी की रोकथाम, उपचार, देखभाल के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस आयोजन में सरकारी नेताओं, विकास भागीदारों, युवा प्रतिनिधियों, सामुदायिक अधिवक्ताओं, एचआईवी से पीड़ित लोगों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को साथ लाना है। इस आयोजन के दौरान, नाको की राष्ट्रीय मल्टी मीडिया पहल के अंतर्गत एक नए अभियान वीडियो श्रृंखला का शुभारंभ किया जाएगा जिसमें एक विशेष लाइव संगीत प्रदर्शन भी होगा। इस प्रदर्शन का विषय प्रारंभिक परीक्षण, उपचार का पालन और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीना होगा।

-------------------------------------------------------

**वॉकथॉन**

प्रदेश सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध विशेषकर राज्य से चिट्टे के संपूर्ण खात्मे के लिए चलाए गए व्यापक अभियान के तहत आज धर्मशाला में राज्य स्तरीय एंटी–चिट्टा अवेयरनेस वॉकथॉन आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में इस वॉकथॉन को रवाना किया जाएगा। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि एंटी–चिट्टा वॉकाथॉन सुबह साढ़े नौ बजे दाड़ी मेला मैदान से आरम्भ होगी तथा पुलिस ग्राउंड धर्मशाला तक आयोजित की जाएगी। रैली में युवा, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन, विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने चिट्टे व अन्य मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से युवाओं को बचाने और नशामुक्त हिमाचल के निर्माण के उद्देश्य से तीन माह का व्यापक, बहुस्तरीय और समन्वित जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान का शुभारंभ 15 नवम्बर को शिमला में मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। इसके बाद प्रदेश के सभी जगह जन–सहभागिता पर आधारित कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

-------------------------------------------------------

**गीता जयंती**

आज गीता जयंती मनाई जा रही है। यह दिन उस पल की याद दिलाता है जब भगवान श्री कृष्ण ने पांच हजार वर्ष से भी पहले कुरुक्षेत्र के रण में अर्जुन को भगवद गीता का कालजयी उपदेश दिया था। गीता जयंती सिर्फ़ धार्मिक अनुष्ठान का दिन नहीं है, बल्कि यह भगवान कृष्ण द्वारा दिए गए सार्वभौमिक ज्ञान की याद दिलाता है, जो लाखों लोगों को उनके आध्यात्मिक और दैनिक जीवन में मार्गदर्शन प्रदानकरता है। भगवद गीता की शिक्षाएँ समय से परे हैं, और जीवन, कर्तव्य और अस्तित्व की प्रकृति के बारे में सबसे मूलभूत प्रश्नों का उत्तर भी हैं। कल आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवद गीता में बढ़ती वैश्विक रुचि पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देखकर वे बहुत प्रभावित हैं कि कैसे दुनिया भर के लोग गीता से प्रेरित हो रहे हैं।

-----------------------------------------------------------

## तंबाकू मुक्त अभियान

तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण के तहत शिमला जिला में तंबाकू मुक्त गांव बनाने की दिशा में कार्य तेज़ रफ़्तार से चल रहा है। अभियान का मकसद युवाओं को तम्बाकू के सेवन से दूर रखना है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता–

डिस्पैच–*9 अक्तूबर से शुरू हुआ तंबाकू मुक्त युवा अभियान 8 दिसंबर तक जिले में चलेगा। अभियान के तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों एवं शहरी निकाय क्षेत्रों में व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।सभी तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों का अभिलेख राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पोर्टल पर किया जा रहा है जिसकी निगरानी भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से की जा रही है। उपायुक्त शिमला ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि तंबाकू नियंत्रण से संबंधित सभी अधिनियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और आम जनता को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाए जाएं। अभियान के तहत जिला में अभी तक 2458 आईसी की गतिविधियां हुई है। 639 शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित कर दिया गया है। 16 फ्लाइंग स्क्वाड गठित की गई है। रोजाना औसतन 28 पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही है। आकाशवाणी के लिए शिमला से योगराज शर्मा की रिपोर्ट*

-----------------------------------------------------------

## मौसम

प्रदेश के न्यूनतम तापमान में लगातार आ रही गिरावट से शीतलहर का प्रकोप जारी है। खासतौर पर राज्य के निचले क्षेत्रों में सुबह–शाम पड़ रहे घने कोहरे से लोगों को भीषण सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, जनजातीय क्षेत्रों ताबो, कुकुमसेरी और केलांग में तापमान शून्य से नीचे बना हआ है। इस बीच राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी मौसम शूष्क बना हुआ है, हालांकि कुछ स्थानों पर हल्के बादल भी छाए हैं। प्रदेश में नवंबर महीने में सामान्य से 95 प्रतिशत कम

वर्षा हुई है, जिससे कई जगह सूखे की स्थिति पैदा हो गई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के निचले क्षेत्रों में आगामी 24 घंटों के दौरान घने कोहरे का येलो अलर्ट जार किया है। तीन दिसंबर तक मौसम साफ रहेगा लेकिन 4 व 5 दिसंबर से राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

.........................................................

**<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........</u>**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**अगले बजट में पूरी करेंगे शेष दो गारंटियां, ओपीएस किसी सूरत में बंद नहीं होगी।** पंजाब केसरी व आपका फैसला का एक जैसा शीर्षक है–**विनय कुमार ने संभाला हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष का पद्भार।** हिमाचल दस्तक के अनुसार–**समारोह में प्रदेश कांग्रेस के तमाम दिग्गजों ने भरी हाजिरी।** दैनिक जागरण ने विनय कुमार के बयान को सुर्खी दी है–**सब साथ चलेंगे, 2027 में फिर से बनाएंगे कांग्रेस की सरकार।**

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है– **5 लाख 71 हजार हिमाचलियों को अब नहीं मिलेगा सस्ता राशन–केंद्र ने एनएएसए में चयन को बनाए नए मानदंड।**

दैनिक सवेरा टाइम्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है– **केंद्रीय योजनाओं का दुरूपयोग बर्दाश्त नहीं, पात्रों तक लाभ पहुंचाए प्रदश सरकार।** दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**बर्फबारी होने तक बहाल रहेगा रोहतांग दर्रा, मनाली प्रशासन ने लिया रोहतांग का जायजा।**

.........................................................

<u>"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"</u>

- **संसद का शीतकालीन सत्र आज से–19 दिसंबर तक चलने वाले सत्र में होंगी 15 बैठकें।**
- **दो दिन के अवकाश के बाद प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र धर्मशाला के तपोवन में आज से फिर होगा शुरू–कई अहम मुद्दों पर गरमा सकता है सदन।**
- **चिट्टे के संपूर्ण खात्मे के लिए प्रदेश सरकार धर्मशाला में आज शुरू करेगी एंटी चिट्टा वॉकथॉन।**
- **प्रदेश भर में ठंड का प्रकोप जारी–मौसम विभाग ने 4 व 5 दिसंबर को जताई बारिश व बर्फबारी की संभावना।**

.........................................................